# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–02 अप्रैल 2025** **सान्ध्य समाचार**

संयुक्त संसदीय समिति की सिफारिशों के बाद वक्फ संशोधन विधेयक–दो हजार चौबीस आज चर्चा और पारित करने के लिए लोकसभा में पेश किया गया। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने विधेयक पेश करते हुए कहा कि इस विधेयक का मुसलमानों की धार्मिक प्रथाओं से कोई लेना–देना नहीं है। उन्होंने कहा कि यह केवल वक्फ बोर्डों से संबंधित संपत्तियों से जुड़ा है।

***गवर्मेंट किसी भी धार्मिक व्यवस्था को, किसी भी रिलीजियस इंस्टीट्यूशन कोई धार्मिक काम में हस्तक्षेप करने नहीं जा रही है, ना ही वक्फ बोर्ड किसी धार्मिक स्थापित व्यवस्था में कोई भी तरीके से हाथ डालने का प्रावधान है। बिलकुल नहीं है, ये वक्फ बोर्ड का जो प्रावधान किसी मस्जिद, किसी मंदिर, किसी धार्मिक स्थल का व्यवस्था का कोई लेना–देना नहीं है। ये सिंपली एक प्रॉपटी का मैनेजमेंट का विषय है।***

श्री रिजिजू ने कहा कि यह कानून मस्जिद के प्रबंधन के लिए नहीं है। उन्होंने विपक्ष पर विधेयक को लेकर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि संयुक्त संसदीय समिति के साथ–साथ सरकार ने भी कानून बनाते समय हितधारकों के साथ व्यापक परामर्श किया था।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर कल वाराणसी पहुंचेंगे। वाराणसी पहुंचने पर वह सबसे पहले आगामी दस से तेरह अप्रैल के बीच में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संभावित दौरे के कार्यक्रम स्थल मेंहदीगंज में जनसभा स्थल का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद वह सर्किट हाउस पहुंचकर जिले की कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक में भाग लेंगे। बैठक के पश्चात मुख्यमंत्री बाबा विश्वनाथ और काल भैरव मंदिर में दर्शन पूजन करेंगे।

**********

प्रदेश के सभी किसानों के लिए शासन द्वारा फार्मर रजिस्ट्री कराने की अंतिम तिथि तीस अप्रैल तक बढ़ा दी गयी है। कुशीनगर के कृषि उपनिदेशक आशीष कुमार ने बताया कि किसान अपनी फार्मर रजिस्ट्री सहज जनसेवा केन्द्र अथवा उनकी ग्राम पंचायत में लगने वाले कैम्पों में करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराने वाले किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना सहित अन्य सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित हो सकते हैं।

**********

चैत्र नवरात्र के चौथे दिन आज मां आदिशक्ति के चौथे स्वरूप माता कूष्मांडा और पांचवें स्वरूप स्कंदमाता की पूजा–अर्चना की जा रही है। इस अवसर पर प्रदेश के सभी शक्तिपीठों और देवी मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी हुयी है। मिर्जापुर स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ विन्ध्याचल धाम और बलरामपुर स्थित तुलसीपुर में प्रसिद्ध शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर में दर्शन पूजन के लिये आज तड़के से ही भक्तों की कतार लगी है। इस बीच, नवरात्र की पंचमी तिथि की मान्यता में नेपाल से आने वाली बाबा रतननाथ की शोभायात्रा आज देवीपाटन शक्तिपीठ पहुंची जहां हजारों श्रद्धालुओं ने यात्रा का स्वागत किया। शोभा यात्रा में नेपाल की धार्मिक और लोक कला की झांकी में भारत–नेपाल के संबंधों को दर्शाया गया।

नवरात्र के चौथे दिन महराजगंज के लेहड़ा माता मंदिर, गोरखपुर के कुसम्ही जंगल स्थित बुढ़िया माई मंदिर और चौरीचौरा के तरकुलहा देवी मंदिर में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन–पूजन कर रहे हैं। जौनपुर के मां शीतला चौकिया धाम में नवरात्र की चतुर्थी तिथि पर श्रद्धालुओं ने भोग में मिठाई और फल के साथ ही मालपुआ भी अर्पित किया।

**********

रामनवमी मेला को देखते हुए अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा और उनकी स्वास्थ्य रक्षा के लिये श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय ने धूप से बचने की अपील की है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में तापमान बढ़ने की आशंका है, इसलिये श्रद्धालु धूप से बचने का उपाय कर के ही बाहर निकलें।

***अनुमानतः सत्तर से अस्सी हजार श्रद्धालु प्रतिदिन रामलला के दर्शन करने के लिये अयोध्या पधार रहे हैं। अयोध्या में तापमान बढ़ता जा रहा है। मेरा निवेदन है अपने साथ कंधे पर एक बैग एक छोटा झोला उसमें कोई एक ऐसा कपड़ा जरूर रखें, जिससे धूप से बचाव के लिये सर की रक्षा कर सके। अपने बैग में पानी की बॉटल अवस्य रखें। ओआरएस घोल की पैकिट रखिये।***

इस बीच, आज अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर का कलश पूजन भी विधि–विधान से सम्पन्न हो गया।

**********

रामनवमी पर उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम अयोध्या के लिए करीब एक सौ बीस बसों का संचालन करेगा। इनमें से सबसे अधिक बसों का संचालन बस्ती और गोंडा मार्ग पर होगा। यह जानकारी परिवहन निगम अयोध्या के क्षेत्रीय प्रबंधक विमल राजन ने दी। उन्होंने बताया कि अयोध्या धाम के साकेत पेट्रोल पम्प ओवरब्रिज के नीचे अस्थाई बस स्टॉप भी बनाया जाएगा। बसों की जानकारी के लिए यात्री कंट्रोल रूम के नंबर आठ सात दो छह शून्य शून्य पांच एक एक पांच पर सम्पर्क किया जा सकता है।

**********